
# पटना विश्वविद्यालय
# Patna University

Estd. 1917




## Patna University In News (02.09.2022)

THE TIMES OF INDIA

### Patna University colleges hold induction meets, exhort pupils to excel in academics




PATNA: Patna University (PU) colleges on Thursday organised induction meets on their respective campuses to help the newly-admitted students acclimatize with the new surroundings and develop bonds with fellow students and teachers. These 'introductory' meets set the pace for fruitful teaching-learning experiences for the newcomers, most of whom have joined the college directly from their schools. Boys and girls attended these programmes in large numbers with excitement and curiosity. At Magadh Mahila College, the meet was held in the college Central Hall and the programme commenced with the lighting of the traditional lamp by principal Namita Kumari. She exhorted the students to remain disciplined and follow the rules and regulations of the institution. The college teachers were ever ready to solve their academic problems, she said. PU IQAC convener Birendra Prasad gave the details of choice-based credit system (CBCS) being introduced at the undergraduate level from the current academic session.

PU students' welfare dean Anil Kumar said now students should remain prepared for their continuous internal assessment under the new CBCS programme. Now they would also get marks on their conduct and regularity in classes, besides their performance in mid-term and final examinations, he said.

College IQAC coordinator Suheli Mehta briefed the students on the general rules and regulations of the institution and also about the NSS activities. Pushpalata Kumari spoke about the importance of NCC and exhorted the girls to join NCC. Patna College also organised an induction meet for the newly-admitted students in which principal Ashok Kumar called upon the newcomers to maintain the glorious tradition of the oldest institution of higher education in the state.

At Vanijya Mahavidyalaya, students were welcomed by the teachers who all motivated them to study sincerely and perform well in various examinations in life. Head of PU applied economics and commerce department, Shashank Bihari Lall, assured the students of all help in their academic pursuits. Similar induction meets were held at Patna Science College and B N College. Principal Raj Kishore Prasad, PU proctor Rajneesh Kumar and students' welfare dean Anil Kumar addressed the newcomers and advised them to avail of all the facilities available for them in the college as well as university.

दैनिक जागरण

### बच्चे रहें तैयार, छह माह बाद होगी परीक्षा

जागरण संवाददाता, पटना : पटना विश्वविद्यालय में इंडक्शन मीट के साथ स्नातक में नामांकित छात्र-छात्राओं की कक्षाएं गुरुवार से प्रारंभ हो गई। इस बार विद्यार्थियों को नए पाठ्यक्रम सीबीसीएस प्रणाली के तहत पढ़ाई करनी होगी। इसके तहत आज से छह माह बाद परीक्षा ली जाएगी। इंडक्शन मीट में नए नामांकित छात्रों को सीबीसीएस प्रणाली के बारे में बताया गया।

मगध महिला कालेज, साइंस कालेज, पटना कालेज, वाणिज्य महाविद्यालय, और बीएन कालेज में आयोजित इंडक्शन मीट में विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार, कुलानुशासक प्रो. रजनीश कुमार और आइक्यूएसी के निदेशक वीरेंद्र प्रसाद शामिल हुए। छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो अनिल कुमार ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आज से आपका मूल्यांकन शुरू हो गया है। इसके तहत छात्रों का व्यवहार, नियमित रूप से कक्षाओं में शामिल होना शामिल है। छात्रों का सबकुछ ठीक रहा तो इसमें 30 नंबर मिलेंगे। पढ़ाई पर ध्यान देना शुरू कर दें। क्योंकि सीबीसीएस प्रणाली के तहत अब रह छह माह पर परीक्षा होगी।

कुलानुशासक प्रो रजनीश कुमार ने कहा कि नए नामांकित छात्र-छात्राओं के लिए एक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एंटी रैगिंग आवेदन दिया गया है। इसको सभी छात्रों को भरना है। उन्होंने छात्रों को गैर शैक्षणिक गतिविधि से दूर रहने की सलाह दी। साइंस कालेज और बीएन कालेज में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो राजकिशोर प्रसाद, मगध महिला कालेज में डा. नमिता कुमारी, पटना कालेज में प्राचार्य प्रो अशोक सिंह मौजूद थे।




मगध महिला कालेज में एजुकेशन मीट में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। • जागरण

दैनिक जागरण


### एलएलबी में आवेदन की तिथि बढ़ी

जासं, पटना : पटना विश्वविद्यालय ने एलएलबी में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन की तिथि सात सितंबर तक बढ़ा दी है। पहले इसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक निर्धारित थी। एलएलबी में नामांकन प्रवेश परीक्षा के आधार पर ली जाएगी।

दैनिक जागरण

### एमएड पीयू की विभागाध्यक्ष बनीं डा. जेस्सी मोदी

जासं, पटना : पटना विश्वविद्यालय शिक्षा शास्त्र संकाय की वरिष्ठ शिक्षक डा. जेस्सी मोदी एमएड की विभागाध्यक्ष बनाई गईं हैं। पटना विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार डा. मोदी अगले तीन वर्ष तक विभागाध्यक्ष पद पर रहेंगी। वह पटना वीमेंस ट्रेनिंग कालेज की प्राचार्य भी रह चुकी हैं। उनकी नियुक्ति पर पटना ट्रेनिंग कालेज के प्राचार्य प्रो. आशुतोष कुमार, सहायक प्राध्यापक ऋषिकेश बहादुर, नालंदा कालेज शिक्षा शास्त्र विभाग के अध्यक्ष व पटना ट्रेनिंग कालेज पूर्ववर्ती छात्र संघ के महासचिव डा. ध्रुव कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की है। वहीं डा. आबीद हुसैन को पटना विश्वविद्यालय, परसियन विभाग के अध्यक्ष बनाए गए हैं। इनसे पहले इस पद पर डा. मो. साद्दिकी हुसैन कार्यरत थे। इनका तीन साल का कार्यकाल पुरा हो गया था ।




## Patna University In News (02.09.2022)

# अनुशासन, कठिन परिश्रम और दृढ़ निश्चय आपको पहुंचायेंगे लक्ष्य तक

### पीयू के कॉलेजों में इंडक्शन मीट का हुआ आयोजन

संवाददाता, पटना



पटना सायंस कॉलेज में इंडक्शन मीट के दौरान छात्रों को जानकारी देते प्रिंसिपल.

पटना विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों के स्नातक के छात्रों का गुरुवार को इंडक्शन मीट आयोजित किया गया. पटना सायंस कॉलेज, पटना कॉलेज, मगध महिला कॉलेज, वाणिज्य कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया. सायंस कॉलेज में इंडक्शन मीट भौतिकी विभाग में आयोजित किया गया. पटना साइंस कॉलेज के प्राचार्य प्रो (डॉ) राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि आज के समय छात्रों को अपने अध्ययन अध्यापन के साथ साथ मल्टीडिसीप्लिनरी अध्ययन तथा स्किल डेवलपमेंट पर जोर देना चाहिए. छात्र कल्याण संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रो अनिल कुमार ने कहा कि अनुशासन, कठिन परिश्रम और दृढ निश्चय आपको लक्ष्य तक पहुंचायेगी.

**पटना कॉलेज का बीएमसी विभाग** : विशिष्ट अतिथि के रूप में विवि के डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर अनिल कुमार, प्रॉक्टर रजनीश कुमार, पटना कॉलेज के प्राचार्य अशोक कुमार, हिंदी के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो शरदेंदु कुमार, बीएमसी विभाग के समन्यवक डॉक्टर वाल्मीकि राम, ध्रुव कुमार, वरिष्ठ पत्रकार शशिभूषण ने कॉलेज और विभाग की परंपरा से छात्रों को परिचित कराया. इस मौके पर प्रमोद कुमार, मधुरेंद्र मधुर आदि शिक्षक मौजूद थे.

**मगध महिला कॉलेज** : कार्यक्रम का शुभारंभ मगध महिला कॉलेज की प्राचार्य प्रो नमिता कुमारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर आइक्यूएसी के समन्वयक प्रो बीरेंद्र प्रसाद, डीएसडब्ल्यू प्रो अनिल कुमार आदि मौजूद थे. प्रो बीरेंद्र प्रसाद ने कॉलेज के इतिहास को प्रस्तुत किया.


प्रभात खबर Fri, 02 September 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/69953976



दैनिक भास्कर


# पटना कॉलेज में नए छात्रों का किया स्वागत

पटना | पटना कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में गुरुवार को इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं बीएमसी विभाग में भी इंडक्शन मीट के दौरान विभाग के समन्वयक डॉ. वाल्मीकी राम ने पत्रकारिता के विभिन्न आयामों की चर्चा की। मौके पर ध्रुव, शशिभूषण, गौतम, प्रमोद, मधुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# PU'S NEW ACADEMIC SESSION TO BEGIN FROM SEPT 2


Megha

htpatna@hindustantimes.com


PATNA: Patna University (PU) is all set to commence regular classes for the new academic session 2022-2025 for various undergraduate courses from Friday, said PU officials.

According to officials, more than 4,000 newly admitted students attended the induction meeting organised by PU's constituent colleges on Thursday where students were apprised of the rules and regulations of the college. Magadh Mahila College, BN College, and Patna Science College organised an induction meeting at their respective premises to familiarise students with the college environment.

PU officials said that the new batch is special because the varsity is set to implement the choice-based credit system (CBCS) at the undergraduate level this academic year.

"We asked the students to stay regular and be aware regarding the subjects as new changes in the examination pattern will be introduced. Apart from core subjects, students will get the choice to opt for skill subjects," said Anil Kumar, PU's dean of students' welfare.

**छात्रावास आवंटन के लिए 22 सितंबर तक आवेदन : पटना.** पटना विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में नये सत्र में छात्र-छात्राओं के छात्रावास का नवीकरण और आवंटन के लिए 22 सितंबर तक आवेदन किया जा सकता है. इसकी अधिसूचना स्टूडेंट्स वेलफेयर डीन प्रो अनिल कुमार ने जारी कर दी.


प्रभात खबर Fri, 02
https:/